संख्या-06/2022/1392(4)/23-14-2022-03आ0बु0वि0नि0/2020

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी,
बांदा।

लोक निर्माण अनुभाग-14 **लखनऊ: दिनांक- 05 जनवरी, 2022**

विषय- वित्तीय वर्ष 2021-22 में बुन्देलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) अनुदान संख्या-56 में जनपद-बांदा की 24 परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अवशेष धनराशि के आवंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-729/ए-3, दिनांक 04.06.2021, पत्र संख्या-1372/बी-2-20-21, दिनांक 29.06.2021 एवं मुख्य अभियन्ता, चित्रकूटधाम (बांदा), लोक निर्माण विभाग, बांदा के पत्र संख्या-2391/10लेखा-बा0क्षे0/2021, दिनांक 06.09.2021, पत्र संख्या-1289/10लेखा-बा0क्षे0/2021, दिनांक 07.06.2021 एवं पत्र संख्या-1834/10लेखा-बा0क्षे0/2021, दिनांक 02.08.2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद-बांदा की कतिपय परियोजनाओं का उपयोगिता प्रमाण-पत्र आदि उपलब्ध कराते हुए अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्नांकित तालिका के कॉलम संख्या-2 में अंकित जनपद बांदा की 24 परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अगली किस्त के रूप में धनराशि रू0 18,94,27,000.00 (रूपये अट्ठारह करोड़ चौरान्वे लाख सत्ताईस हजार मात्र) अवमुक्त करते हुये आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

धनराशि (रू0 लाख में)

क्र0 सं0	कार्य का नाम	मूल शासनादेश संख्या एवं दिनांक	लम्बाई (कि0मी0 में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	अब तक अवमुक्त कुल धनराशि	वित्तीय वर्ष 2021-22 में आवंटन	कार्यदायी संस्था
1	2	3	4	5	6	7	8
1	बांदा चिल्ला मार्ग से घूरा स्टाप से डिघवट तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	135/2021/361/23-14-2021-06आ0बु0वि0नि0/2020, दिनांक 24.03.2021	2.00	122.80	12.28	50.00	नि0ख0- 2 लो0नि0वि0, बांदा
2	तिंदवारी पपरेंदा पैलानी जसुपरा सुमरेपुर मार्ग (प्र0जि0मा0-40बी) के कि0मी0-22 से राजकीय महिला महाविद्यालय पिपरहरी तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	1.10	137.69	13.76	55.07	तदैव
3	रामपुर का मजरा उजगरा डेरा सम्पर्क मार्ग के अवशेष भाग का निर्माण कार्य ।	तदैव	3.00	193.34	19.33	77.33	तदैव
4	खुरहण्ड-बांसी मार्ग में मण्डी समिति, प्यारेलाल का पुरवा, गडरियन का पुरवा, दाऊ सिंह का पुरवा, दुबे का पुरवा होते हुये रेलवे लाइन	127/2021/549/23-14-2021-03आ0बु0वि0नि0/2020, दिनांक 24.03.2021	3.500	243.76	24.37	97.50	नि0ख0- 1 लो0नि0वि0, बांदा

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।						
5	सिकलोढी से पिण्डखर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	3.100	184.64	18.46	73.85	तदैव
6	अजीतपारा से बिगहना सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	4.300	271.91	27.19	108.76	तदैव
7	गडरा नाला से अनथुवा-पहडिया दाई होते हुए पौण्डरा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	4.000	285.23	28.52	114.09	तदैव
8	खुरहण्ड-बांसी मार्ग से आरती देवी का पुरवा, श्रीराम जानकी मंदिर होते हुये स्यौंता निभौर मार्ग तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	3.200	201.91	20.19	80.76	तदैव
9	मसुरी से कीरतपुर से केशरूवा होते हुये प्रेमपुर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	3.000	186.31	18.63	74.52	तदैव
10	अतर्रा-ओरन मार्ग से डाडेबाबा, बतीपुरवा होते हुये चैसड सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	1.600	103.34	10.33	50.00	तदैव
11	कतरावल से कुरौली सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	2.300	138.37	13.83	55.34	तदैव
12	मकरी बिगहना तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	2.650	161.31	16.13	64.52	तदैव
13	दुर्गापुर से बाबू पुरवा होते हुये ऐला तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	2.900	188.72	18.87	75.48	तदैव
14	खुरहण्ड-गिरवां मार्ग से शिवहद माइनर से खुरहण्ड-निभौर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	2.100	125.52	12.55	50.20	तदैव
15	सौंता से सुनील का पुरवा होते हुये शिवहद निभौर तक सम्पर्क मार्ग का निमार्ण कार्य।	तदैव	3.500	218.49	21.84	87.39	तदैव
16	बांदा-बिसण्डा मार्ग से कोइलाहे पुरवा सम्पर्क मार्ग का निमार्ण कार्य।	तदैव	3.100	186.75	18.67	74.70	तदैव
17	बांदा-बिसण्डा मार्ग से शहीद श्री देवेन्द्र मिश्र उपाधीक्षक के गांव सहेवा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	2.000	152.06	15.20	60.82	तदैव
18	पैगम्बरपुर-जरर मार्ग से गोवर्धनपुरवा होते हुये गोविन्दपुर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	4.400	276.68	27.66	110.67	तदैव
19	सौंता से बनसखा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	1.500	106.49	10.64	50.00	तदैव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

20	जमुनीपुरवा से गुमान तालाब (तिन्दवार) सम्पर्क मार्ग का निमार्ण कार्य।	तदैव	2.500	147.22	14.72	58.88	तदैव
21	खेरवा (नहर की पटरी) टिर्रा का पुरवा (नगनेधी) होते हुये नगनेधी तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	6.700	420.53	42.05	168.21	तदैव
22	जमुनादास से महावीरन से नरैनी रोड तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	2.500	158.86	15.88	63.54	तदैव
23	जमरेही से बिलगांव सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	तदैव	3.500	201.58	20.15	80.63	तदैव
24	कैरी से बछौधा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	120/2019/224/23-14-2019-21आ0बु0वि0नि0/2018, दिनांक 10.03.2019	4.00	363.34	246.33	112.01	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बांदा
		योग	**72.45**	**4776.85**	**687.58**	**1894.27**	

3- यह धनराशि केवल उक्त परियोजनाओं पर ही मानक/विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा। इससे इतर व्यय वित्तीय अनियमितता होगी, जिसका सम्पूर्ण दायित्व आपका होगा।

4- परियोजनाओं का क्रियान्वयन निम्नांकित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा:-

(1) सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी का दायित्व होगा कि स्वीकृत कार्य के अवशेष कार्य कड़ी निगरानी में समयबदध ढंग से पूर्ण कराये जायॅ। यह सुनिश्चित किया जाय कि आवंटित धनराशि का दुरूपयोग न हो।

(2) उक्त परियोजनाओं पर होने वाले व्यय को स्वीकृत धनराशि तक ही सीमित रखा जायेगा, कार्य की विशिष्टियां, मानक गुणवत्ता की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मुख्य विकास अधिकारी की होगी तथा वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि फण्डिंग की डुप्लीकेसी न हो तथा कार्य समय से पूरा हो। इसके लिए वे पूर्णतया उत्तरदायी होगें।

(3) आवंटित धनराशि का आहरण करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि पूर्व आवंटित धनराशि का सदुपयोग कर लिया गया है एवं कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है तथा आवंटित धनराशि से कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

(4) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा धनराशि बैंक में न रखी जाय। स्वीकृत धनराशि अनुमोदित कार्यो पर ही व्यय की जायेगी।

(5) परियोजनान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन के अनुसार ही किये जायेगें।

(6) निर्माण कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री का क्रय स्टोर परचेज नियमों तथा समय-समय पर जारी तत्सम्बन्धी शासनादेशों एवं नियमों के अनुसार ही किया जायेगा तथा कार्य के अनुमान/आगणन पर यथा स्थिति सक्षम अधिकारी की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी। उक्त परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि का व्यय परियोजनाओं की विस्तृत ड्राइंग/डिजाइन व सर्वेक्षण रिपोर्ट तथा सक्षम अधिकारी की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(7) स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष योजनावार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति आप द्वारा कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक प्रमुख सचिव, लोक निर्माण अनुभाग-14, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को निर्धारित प्रपत्र पर भेजी जायेगी।

(8) सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र बजट मैनुअल के प्राविधानों के अनुसार अनिवार्य रूप से नियत समय पर महालेखाकार उ0प्र0 व उ0प्र0 शासन को प्रेषित किये जायेगें।

(9) स्वीकृत परियोजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का उपयोग दिनांक 31.03.2022 तक अवश्य कर लिया जायेगा तथा परियोजनाओं में जनपद स्तर पर कोई संशोधन/परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।

(10) परियोजनाओं हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि के संबंध में कार्यदायी संस्था फार्म-42 आई पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करायेगी जो स्थलीय निरीक्षण कराकर कार्य मानक/विशिष्टियों के अनुरूप पूर्णतया संतोषजनक पाये जाने पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र अपने प्रतिहस्ताक्षर के उपरान्त फोटोग्राफ्स सहित प्रमुख सचिव, लोक निर्माण अनुभाग-14, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रेषित करेंगे तथा उसकी प्रति मण्डलायुक्त को उपलब्ध करायेंगे। परियोजना पूर्ण होने के उपरान्त यदि कोई धनराशि अवशेष रह जाती है तो अवशेष बच रही धनराशि को ट्रेजरी चालान के माध्यम से कोषागार में सुसंगत लेखा शीर्षक के अन्तर्गत जमा कराकर ट्रेजरी चालान की प्रमाणित प्रति शासन को उपलब्ध करायी जायेगी ।

(11) मण्डलायुक्त/मुख्य विकास अधिकारी परियोजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं तदुपरांत सृजित परिसम्पत्तियों के रखरखाव की भी समुचित व्यवस्था कर लेंगें, यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि उक्त कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में पुनरावृत्ति न हो।

(12) परियोजनाओं की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था के सक्षम अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी होंगे।

5- उपर्युक्त परियोजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए आप उत्तरदायी होंगे एवं तदनुसार कार्य कराने हेतु कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय बनाये रखेंगे।

6- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-56 के अन्तर्गत "पूँजीलेखा-4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूँजीगत परिव्यय-60-अन्य-800-अन्य-04-बुन्देलखण्ड की विशेष योजनायें-24-वृहत निर्माण कार्य" में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

7- यह आदेश वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

राजेश कुमार पाण्डेय
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या-06/2022/1392(4)(1)/23-14-2022-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, प्रयागराज ।
2- महालेखाकार, लेखा परीक्षा प्रथम व द्वितीय, प्रयागराज ।
3- आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, बांदा।
4- जिलाधिकारी, बांदा/मुख्य कोषाधिकारी।
5- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
6- मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय-1) लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7- मुख्य अभियन्ता, चित्रकूटधाम क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, बांदा।
8- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, बांदा।
9- वरिष्ठ आडिट आफीसर (आडीटर प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार, लेखा परीक्षा प्रथम सत्यनिष्ठ भवन, 15 नार्थहिल रोड, प्रयागराज ।
10- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/लोक निर्माण अनुभाग-10
12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

राजेश कुमार पाण्डेय
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।